आयुक्तालय कालेज शिक्षा राजस्थान जयपुर

क्रमांक :एफ.7 (4) ऑनलाईन / अकाद / आकशि / 2020 / 959-60 दिनांक : 11.6.2020

समस्त
प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय,
(विधि , राजस्थान संगीत संस्थान, राजस्थान स्कूल ऑफ ऑट्‌र्स के अतिरिक्त)
राजस्थान ।

विषय :–सत्र 2019–20 में स्नातक प्रथम व द्वितीय वर्ष तथा स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध के अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्रोवीजनल प्रवेश बाबत।

संदर्भः– इस कार्यालय के पत्र क्रमांक एफ 7 (4) ऑनलाईन / आकाशि / अकाद / 2019–20 / 1784 दिनांक 04–06–2020

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र द्वारा समस्त राजकीय महाविद्यालयों में ऑनलाईन प्रवेश नवीनीकरण कार्यक्रम जारी किया गया था जिसके अन्तर्गत सत्र 2019–20 में स्नातक प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के अध्ययनरत विद्यार्थियों को पार्ट द्वितीय व तृतीय वर्ष में तथा स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध के अध्ययनरत विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर उत्तरार्द्ध में प्रोवीजनल प्रवेश देते समय निम्नांकित बिन्दुओं की पालना सुनिश्चित करें :–

1. सम्बद्धक विश्वविद्यालय के ऐनरोलमेन्ट नम्बर / रोल नम्बर / विषय / विषय समूह का मिलान करना सुनिश्चित करे।
2. प्रोवीजनल प्रवेशित विद्यार्थियों को ओ0बी0सी0 का सर्टिफिकेट / शपथ –पत्र व सामान्य वर्ग के लिए आय कर नहीं देने वाले विद्यार्थियों से अभिभावक का आय प्रमाण–पत्र सम्बन्धित महाविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करवाना सुनिश्चित करें।
3. प्रोवीजनल प्रवेशित किये गये विद्यार्थियों का शुल्क 30 जून, 2020 तक जमा करवाने के लिए प्राचार्य प्रचार–प्रसार एवं विद्यार्थियों को दूरभाष पर सूचित करना सुनिश्चित करें।
4. प्रोवीजनल प्रवेशित विद्यार्थियों का शुल्क ई–मित्र से महाविद्यालयों को प्राप्त होने पर अविलम्ब बीमा विभाग को भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।
5. दृष्ट्यव है कि प्रवेशित गत वर्ष के नियमित विद्यार्थियों का इस सत्र में प्रवेश अस्थाई है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात ही प्रवेश को अन्तिम माना जायेगा। असफल / अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों का प्रवेश स्वतः ही निरस्त माना जायेगा। प्राचार्य प्रचार–प्रसार द्वारा विद्यार्थियों को सूचित करना सुनिश्चित करें।

(डा0. दीपक मेहरा)
संयुक्त निदेशक, अकादमिक

क्रमांक :एफ.7 (4) ऑनलाईन / अकाद / आकशि / 2020 / दिनांक

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–

1. वेब प्रभारी अधिकारी ई मेल, आयुक्तालय कॉलज शिक्षा, प्राचार्यो को अपलोड करने हेतु।
2. रंक्षित पत्रावली

(डा0. दीपक मेहरा)
संयुक्त निदेशक, अकादमिकजो